नवीन सुरभि

सरल हिंदी पाठ्य–पुस्तक

As per NEP 2020

Naveen SURABHI

TEXT-CUM-WORKBOOK

7

संपादक

डॉ. रामसुधार सिंह

पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग

उदय प्रताप स्वायत्तशासी कॉलेज, वाराणसी

सम्मानित प्रवक्ता

नवसाधना रीज़नल पास्टोरल सेंटर, वाराणसी

विशेष सहयोग

फादर रॉक डि'कोस्टा

वाराणसी

अमृता प्रकाशन

(मरीना पब्लिकेशंस की एक इकाई)

पुस्तक से



हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है इसलिए हम सबको हिंदी का पूर्ण ज्ञान अवश्य होना चाहिए। परंतु अहिंदी भाषीय राज्यों और विदेशों में स्थित भारतीय विद्यालयों में हिंदी को तृतीय भाषा के रूप में पढ़ाने के कारण इन क्षेत्रों के बच्चों के लिए हिंदी को समझना असुविधाजनक होता है।

बच्चों की कोमल प्रवृत्तियों को ध्यान में रखते हुए उनकी सुविधा हेतु प्रस्तुत पुस्तक शृंखला **नवीन सुरभि** का निर्माण किया गया है। प्रस्तुत पुस्तक शृंखला **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** के दिशा निर्देशों पर आधारित है।

प्रस्तुत शृंखला से संबंधित मुख्य बिंदु–

- बच्चों के बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए इस शृंखला में उनकी आयु के अनुसार रोचक तथा ज्ञानवर्धक पाठ्यसामग्री को संकलित किया गया है। जिनमें प्रमुख हैं–
  - महापुरुषों तथा प्रसिद्ध व्यक्तियों की जीवनी
  - रोचक नाटक एवं संवाद
  - विज्ञान तथा खेलों से संबंधित लेख
  - विविध विषयों से संबंधित निबंध, कविताएँ तथा कहानियाँ
  - विश्वप्रसिद्ध लोककथाएँ तथा चित्रकथाएँ
- **पाठ सारांश–** इसके अंतर्गत संपूर्ण पाठ का सार हिंदी में दिया गया है, जिससे पाठ के संक्षिप्त रूप द्वारा बच्चे पाठ को सहजता से समझ सकेंगे।
- **पढ़िए और समझिए–** इसके माध्यम से पाठ में दिए गए कठिन शब्दों का हिंदी तथा अंग्रेज़ी भाषा में उच्चारण करना सिखाया गया है। जिससे बच्चे उन शब्दों को आसानी से बोल व समझ पाएँगे।
- **शिक्षण संकेत–** शिक्षण संकेत के द्वारा पाठ के प्रति बच्चों में रुचि बनाए रखने के लिए अध्यापक-अध्यापिकाओं की सहायता की गई है।
- **शब्दार्थ–** इसके अंतर्गत पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ हिंदी व अंग्रेज़ी; दोनों भाषा में दिए गए हैं, जिनसे बच्चे शब्दों को पहचानकर उनके अर्थ समझने में सक्षम होंगे।
- **मौखिक प्रश्नोत्तर–** इसके अंतर्गत दिए जाने वाले प्रश्नों का उद्देश्य पाठ के विषय में बच्चों की जानकारी का मूल्यांकन तथा कक्षा में पाठ से संबंधित चर्चा करना है।
- **लिखित प्रश्नोत्तर–** यह भाग पाठ पर आधारित अभ्यास है। इसके अंतर्गत पाठ पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखना, रिक्त स्थानों की पूर्ति, सही-गलत आदि को समाहित किया गया है।
- **व्याकरण-ज्ञान–** इसके अंतर्गत बच्चों को पाठ पर आधारित व्याकरण के साथ-साथ व्यावहारिक व्याकरण से भी परिचित कराया गया है। इसके साथ ही इसमें कई रोचक गतिविधियों को भी स्थान प्रदान किया गया है।
- **क्रिया-कौशल** (Activity skills)– इसके अंतर्गत पाठ मूल्यांकन को बढ़ावा देनेवाले अभ्यास और विषय संवर्धन गतिविधियाँ (Subject Enrichment Activities), **Internet** प्रयोग के सुझाव दिए गए हैं।
- **Lesson Summary–** इस भाग में पाठ के सार को अंग्रेज़ी भाषा में दिया गया है। यह अहिंदी भाषी छात्र-छात्राओं के लिए पाठ को समझने का एक सशक्त माध्यम है।

आशा है यह पुस्तक शृंखला सभी अहिंदी भाषी छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। आपके सुझावों का सदैव स्वागत है।

–प्रकाशक

अमृता प्रकाशन

(मरीना पब्लिकेशंस की एक इकाई)

Administrative Office :
4/37 Site-2, UPSIDC Industrial Area, Ajanta Compound, Loni Road
Sahibabad, **Ghaziabad**-201007, **Delhi NCR** • Mob. : +91-8130194610

Registered Office :
D 54/155-11, Srinagar Colony, Ramkund, Luxa
Varanasi-221010 • Mob. : +91-9452008021, 7753888106
E-mail : info@marinapublications.com
Website : www.marinapublications.com

Near Vidyapeetha Circle, Banashankari
Bangalore-560028 • Mob. : +91-7275854952

177/69, Pul Jhau Lal, Gwynne Road, Aminabad
Lucknow-226018 • Mob. +91-7753888114

20A, Brindavan Mallick Lane
Behind Hrishikesh Park, Amherst Street
Kolkata-700009 • Ph : 9433007143

24, Piyali Phukan Road
P.O. Rehabari, **Guwahati**-781008
Mob. : +91-9119602277

From the Book

Hindi hamari rashtrabhasha hai isliye hum sabko hindi ka purna gyan avashya hona chahiye. Parantu ahindi bhashiya rajyon or videshon mein isthit bhartiya vidyalayon mein hindi ko tritya bhasha ke roop mein padhane ke karan in chetron ke bachchon ke liye hindi ko samajhna asuvidhajanak hota hai.

Bachchon ki komal pravittyon ko dhyan mein rakhte hue unki suvidha hetu pustak shrinkhala **Naveen Surabhi** ka nirman kiya gaya hai. Pustak shrinkhala **National Education Policy 2020** ke disha nirdesho par aadharit hai.

Prastut shrinkhala se sambandhit mukhya bindu–

- Bachchon ke baudhik vikas ko dhyan mein rakhte hue is shrinkhala mein unki aayu ke anusar rochak tatha gyanvardhak pathyasamgri ko sanklit kiya gaya hai. Jinme pramukh hain–
  - Mahapurushon tatha prasiddh vyaktiyon ki jivani
  - Vividh vishyon se sambhandhit nibandh, kavitayein tatha kahniyan
  - Rochak natak evam samvad • Vishwaprasiddh lokkathayein tatha chitrakathayein
  - Vigyan tatha khelon se sambandhit lekh
- **Path Saransh–** Iske antargat sampurna path ka sar hindi mein diya gaya hai, jisse path ke sanchipt roop dwara bachche path ko sahajta se samajh sakenge.
- **Padhiye aur Samajhiye–** Padho aur Samjho ke madhyam se path mein diye gaye kathin shabdon ka hindi tatha angrezi bhasha mein uchcharan karna sikhaya gaya hai. Jisse bachche un shabdon ko asani se bol va samajh payenge.
- **Sikshan Sanket–** Sikshan Sanket ke dwara path ke prati bachchon mein ruchi banaye rakhne ke liye adhyapak-adhyapikaon ki sahayata ke gayi hai.
- **Shabdarth–** Iske antargat path mein aaye kathin shabdon ke arth hindi va angrezi; dono bhasha mein diye gaye hain; jinse bachche shabdon ko pehchankar unke arth samajhne mein saksham honge.
- **Maukhik Prashnottar–** Iske antargat diye janewale prashnon ka udeshay path ke vishay mein bachchon ki jankari ka mulyankan tatha kaksha mein path se sambandhit charcha karna hai.
- **Likhit Prashnottar–** Yeh bhag path par adharit abhyas hai. Iske antargat path par adharit prashnon ke uttar likhna, rikt sthanon ki purti, sahi-galat aadi ko samahit kiya gaya hai.
- **Bhasha Gyan–** Bhasha Gyan ke antargat bachchon ka path par adharit vyakaran ke sath-sath vyavharik vyakaran se bhi parichit karaya gaya hai. Iske sath hi iske antargat kai rochak gatividhiyon ko bhi sthan pradan kiya gaya hai.
- **Kriya Kaushal (Activity Skills)–** Iske antargat path mulankan ko badhava denewale abhyas aur subject enrichment activities, internet prayog ke sujhav diye gaye hain.
- **Lesson Summary–** Is bhag mein path ke sar ko angrezi bhasha mein diya gaya hai. Yeh ahindi bhashi chatra-Chatraon ke liye path ko samajhne ka ek sashakt madhyam hai.

Asha hai yeh pustak shrinkhala sabhi ahindi chatra-chatraon ke liye upyogi siddh hogi. Aapke sujhavon ka sadev swagat hai.

—Prakashak

प्रथम संस्करण–2023

© सर्वाधिकार सुरक्षित

No part of this publication which is material protected by this copyright notice may be reproduced or transmitted or utilized or stored in any form or by any means now known or hereinafter invented, electronic, digital or mechanical, including photocopying, scanning, recording or by any information storage or retrieval system, without prior permission from the publishers.

National Education Policy - 2020

Revolutionising School Education

4Cs

गहन चिंतन
Critical Thinking
Promoting enquiry, discovery, discussion and analysis-based learning

रचनात्मक सोच
Creative Thinking
Thinking out of the box

सहभागिता
Collaboration
Working together as a team

संचार
Communication
Expressing oneself effectively before others

समस्या-समाधान
Problem Solving
Using innovative methods like puzzles and games to find solutions to problems

निर्णय लेना
Decision Making
Making a choice on the basis of given information

ध्वनि-विज्ञान
Phonics
Recognition of sounds as the basis of language acquisition

अनुभव आधारित ज्ञान
Experiential Learning
Focusing on creative, exploratory and discovery-based learning

वैज्ञानिक मनोभाव
Scientific Temper
Developing the spirit of questioning

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी
Information and Communication Technology
Using technology-enabled pedagogy



व्यावसायिक कौशल
Vocational Skills

Learning the specific skills needed for a job or profession



लोकतांत्रिक भावना
Democratic Spirit

Inculcating the knowledge and practice of human and constitutional values



नेतृत्व कौशल
Leadership Skills

Inculcating flexibility, accountability, initiative productivity and social skills



वैश्विक जागरूकता
Global Awareness

Acquiring the knowledge of international culture and tradition



साहित्य-सराहना
Appreciation of Literature

Fostering the understanding and appreciation of literary works



भारत का ज्ञान
Knowledge of India

Integrating Indian culture and ethos; traditional and modern Indian values



जीवन कौशल एवं मूल्य
Life Skills and Values

Emphasising development of etiquettes, behaviour, ethical and moral reasoning



कला समेकन
Art Integration

Promoting art-based learning



विषय एकीकरण/ क्रॉस करिकुलर लर्निंग
Subject Integration/ Cross-Curricular Learning

Promoting an integrated approach to learning



स्वास्थ्य-शिक्षा
Health Literacy

Integrating physical education, wellness and sports



पर्यावरण-शिक्षा
Environmental Literacy

Strengthening the relationship with nature

विषय सूची CONTENTS

1.	प्रार्थना	Prārthanā	(कविता)	7
2.	सरफ़रोशी की तमन्ना	Sarfaroshi Ki Tamannā	(संस्मरण)	11
3.	गुलेलवाला लड़का	Gulelvālā Ladkā	(कहानी)	17
4.	महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर	Mahaan Vaigyānik Chandrashekhar	(जीवनी)	25
5.	एक बूँद	Ek Boond	(कविता)	31
6.	मैं जंगल हूँ	Main Jangal Hoon	(आत्मकथा)	36
7.	नयनाभिराम केरल	Nayanābhirām Kerala	(लेख)	42
8.	तुलसीदास के नीति-वचन	Tulsidās Ke Niti-Vachan	(कविता)	48
9.	गुमशुदा बालक	Gumshudā Bālak	(अनुदित कहानी)	53
10.	मुनिया फिर मुसकाई	Muniā Phir Muskāyi	(कहानी)	62
11.	पेड़ों के संग बढ़ना सीखो	Peron Ke Sang Barhnā Seekho	(कविता)	69
12.	ईमानदार बालक	Imāndaar Bālak	(एकांकी)	74
13.	पतंग बनाने वाला	Patang Banāne Vālā	(अनुदित कहानी)	81
14.	और भी दूँ	Aur Bhi Doon	(कविता)	89
15.	रानी दुर्गावती	Rāni Durgāvati	(ऐतिहासिक कहानी)	94
16.	वास्तविक प्रकाश	Vaastavik Prakāsh	(पौराणिक कहानी)	101
17.	किरणों का खेल	Kirnon Kā Khel	(कविता)	107
	हिंदी शब्दकोश देखने की विधि			112

सीखने की संप्राप्ति (Learning Outcomes)— वाचन, लेखन, स्मृति, चिंतन।

पाठ–1
Lesson

प्रार्थना

Prārthanā – Prayer

पढ़िए और समझिए Read and understand—

सौंदर्यपूर्ण	–	Saundaryapurna	संशय	–	Sanshaya	प्रसार	–	Prasār
अंधकार	–	Andhkār	स्वर्ग	–	Swarg	परित्राण	–	Paritraan

जग जीवन में जो चिर महान,
सौंदर्यपूर्ण औ सत्य प्राण,
मैं उसका प्रेमी बनूँ नाथ!
जिससे मानव हित हो समान!

जिससे जीवन में मिले शक्ति,
छूटे भय, संशय, अंध भक्ति,
मैं वह प्रकाश बन सकूँ नाथ!
मिल जावें जिसमें अखिल व्यक्ति।

दिशि–दिशि में प्रेम–प्रभा–प्रसार,
हर भेदभाव का अंधकार,
मैं खोल सकूँ चिर मुँदे नाथ।
मानव के उर के स्वर्ग द्वार।

पाकर प्रभु तुमसे अमरदान,
करने मानव का परित्राण,
ला सकूँ विश्व में एक बार,
फिर से नव जीवन का विहान!

–सुमित्रानंदन पंत



शिक्षण संकेत कविता का सस्वर व लयात्मक गायन करें व बच्चों से भी करवाएँ। कविता पढ़ाने के बाद बच्चों को आपसी भेदभाव भुलाकर मिल–जुलकर रहने की सीख दीजिए।

शब्दार्थ- Word Meaning

जग	– संसार	–	world	चिर	– सदा	–	always
हित	– भलाई	–	welfare	संशय	– संदेह	–	doubt
अखिल	– संपूर्ण	–	whole	प्रभा	– प्रकाश	–	light
उर	– हृदय	–	heart	द्वार	– दरवाज़ा	–	gate
परित्राण	– रक्षा	–	protect	विहान	– प्रभात	–	morning

अभ्यास–Exercise

मौखिक Oral—

सोचिए और बताइए- (Think and tell)

क. प्रस्तुत कविता में कवि किसका प्रेमी बनना चाहता है?

ख. कविता के अनुसार कवि कौन-सा प्रकाश बनना चाहता है?

ग. कवि संसार में कौन-सा प्रकाश फैलाना चाहता है?

घ. कवि मनुष्य के मन के द्वार क्यों खोलना चाहता है?

ङ. इस कविता के रचयिता कौन हैं?

लिखित Written—

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (Answer the following questions)

क. कवि ने 'सौंदर्यपूर्ण औ सत्यप्राण' किसे कहा है और क्यों?

.....

.....

.....

ख. कवि संसार से कौन-सा अंधकार मिटाना चाहता है?

.....

.....

2. निम्नलिखित पंक्तियों के अर्थ लिखिए- (Write the meaning of the following lines)

जिससे जीवन में मिले शक्ति,

छूटे भय, संशय, अंध भक्ति,

मैं वह प्रकाश बन सकूँ नाथ!
मिल जावें जिसमें अखिल व्यक्ति।

.....

.....

.....

.....

भाषा कौशल
Language Skill

व्याकरण-ज्ञान Knowledge of grammar—

1. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए- (Write the synonyms of the following words)

क. मानव – ....

ख. प्रकाश – ....

ग. अंधकार – ....

घ. विश्व – ....

ङ. उर – ....

2. शब्द के जिस रूप से किसी कार्य के करने या होने के बारे में पता चलता है, उसे क्रिया कहते हैं। जैसे- खाना, लिखना, सोना, हँसना आदि।

निम्नलिखित शब्दों में 'ना' जोड़कर क्रिया शब्द बनाइए- (Add 'ना' and make verbs from the given words)

ध्वनि विज्ञान
Phonics

क. मिल – .....

ख. पा – .....

ग. जा – .....

घ. कर – .....

ङ. हर – .....

च. ला – .....

छ. खोल – .....

ज. बन – .....

3. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- (Write the opposite words of the following words)

क. जीवन .....

ख. समान .....

ग. सत्य .....

घ. भय .....

ङ. हित .....

च. महान .....

छ. प्रकाश .....

ज. नव .....

झ. प्रेम .....

ञ. स्वामी .....

क्रिया-कौशल Activity skills—

विषय संवर्धन गतिविधि
Subject Enrichment Activity

1. इस कविता को कंठस्थ करके कक्षा में सुनाइए- (Learn the poem by heart and recite in the class.)

गहन चिंतन
Critical Thinking

2. हमारे समाज में फैले अंधविश्वासों तथा भेदभावों पर एक अनुच्छेद लिखिए-
(Write a paragraph on the superstitions and discrimination prevalent in our society.)

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

पाठ सारांश–

प्रस्तुत प्रार्थना कवि सुमित्रानंदन पंत द्वारा लिखी गई है। इस कविता में कवि अपने समाज में फैली बुराइयों के विरुद्ध लड़ने के लिए ईश्वर से आशीर्वाद माँगते हुए प्रार्थना कर रहा है कि ईश्वर उन्हें इतनी शक्ति प्रदान करें कि उसके मन में किसी प्रकार का भय न हो और वह पूरे संसार से हर प्रकार के भेदभाव तथा अंधविश्वास रूपी अंधकार को मिटा सके। वह अपने चारों ओर प्रेम का इतना प्रसार कर सके कि मनुष्य जाति के मन में किसी के भी प्रति द्वेष और घृणा की भावना न रह जाए और सभी एक साथ मिल-जुलकर रहें जिससे सबका उद्धार हो।



Lesson Summary

The present poem in form of prayer has been composed by poet Sumitranandan Pant. The poet appeals to God to grant him the strength and make him fearless so that he can fight against every social evil and superstition prevalent in the society. He would spread the message of love, brotherhood and unity to such an extent that all hatred and ill feelings be erased from every human mind.

सीखने की संप्राप्ति (Learning Outcomes)— वाचन, लेखन, स्मृति, चिंतन, विश्लेषणात्मकता, बौद्धिकता, रचनात्मकता।

पाठ–2
Lesson

सरफ़रोशी की तमन्ना

Sarfaroshi Ki Tamannā – Ready To Lay Down Life

पढ़िए और समझिए Read and understand—

क्रांतिकारी	–	Krāntikāri	आनुष्ठानिक	–	Aanusthānik	हिदायत	–	Hidāyat
सरफ़रोशी	–	Sarfaroshi	षड्यंत्र	–	Shadyantra	अवज्ञा	–	Awagyā



यह दिन यूँ तो दूसरे दिनों जैसा ही था, पर भारतीय क्रांतिकारियों के इतिहास में एक विशेष दिन था। उस दिन सब सुबह-सुबह उठ गए। कैदी रसोइए ने विशेष खाना बनाया। जेलर अब्दुल सवेरे ही आ डटा। रोज़ वह किसी का गाना सुनता था, किसी के साथ शतरंज खेलता था, पर आज वह चुप था और किसी ने उसे बैठने तक की जगह न दी।

मुझे लगा कि उसका चेहरा भी कुछ उदास था, लेकिन फिर भी न जाने क्यों हमें पता लग चुका था कि सूर्य के नीचे हमारा स्थान कहाँ है! आज वह जेलर था और हम कैदी।

रोज़ की तरह सब खाने बैठे तो बिस्मिल को खयाल आया कि आज आनुष्ठानिक तरीके से भोजन करना चाहिए। जेलर के घर से एक बड़ा-सा थाल मँगवाया गया। सब उसके चारों ओर बैठ गए। कुछ को जगह भी न मिली। हर हाल में सबने उसी थाल से दो-दो टुकड़े खाए। प्राचीनकाल से ही इस प्रकार से आनुष्ठानिक रूप से भोजन करने का बहुत महत्व रहा है।

शिक्षण संकेत पाठ का सस्वर वाचन कीजिए। पाठ पढ़ाने के बाद बच्चों को रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ, मन्मथनाथ गुप्त, भगत सिंह आदि जैसे क्रांतिकारियों के बारे में बताइएँ।



हम सबने अच्छे कपड़े पहने। हल्दीघाटी के राजपूत भी इसी प्रकार अपनी अच्छी पोशाकें पहनकर गए थे। ठाकुर रोशन सिंह ने अपनी इत्र की शीशी से सबको थोड़ा-थोड़ा इत्र लगाया।

अब बेड़ियाँ डलवाने की बारी आई। जेलर को हिदायत थी कि हमारी बेड़ियों की कीलों की जाँच कर ली जाए। मेरी बारी आई तो मैंने अब्दुल से पूछा कि वह इतना भावुक क्यों हो रहा है। बड़ी मुश्किल से पता चला कि किसी बड़े अधिकारी के कहने पर तीन फाँसी की कोठरियाँ साफ़ की जा रही हैं। मुझे लगा कोई भी जज अपने फ़ैसले से पहले जेलवालों को खबर क्यों देगा!

बंदूक और पुलिस के बीच हम लॉरी में बैठे। हमने रोज़ की तरह क्रांतिकारी गीत गाने शुरू कर दिए।

रास्ते में हमने एक ऐसी गाड़ी देखी जिसमें सामान लदा हुआ था। हर सामान पर एक कागज़ चिपका था और उस पर हमारे जज का नाम लिखा था। स्पष्ट था कि हमारा फ़ैसला सुनाकर, वे भारत से बाहर छुट्टियाँ मनाने जाएँगे।

अदालत के बाहर भारी भीड़ थी। सब 'सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है' गाना जोश से गा रहे थे। चारों तरफ़ यह आवाज़ गूँज रही थी।

जज के आते ही चारों ओर सन्नाटा छा गया। जज ने कहा, ''षड्यंत्र प्रमाणित हो गया है।'' एक-एक कर मुझे, भूपेंद्र, जोगेश, गोविंद, मुकुंदीलाल आदि को सज़ा सुनाई गई। अंत में सुनाई फाँसी हमारे तीन साथियों को- रामप्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र लाहिड़ी और रोशन सिंह।

उस वक्त राजेंद्र के चेहरे पर वही बाल-सुलभ मुसकान थी। बिस्मिल के चेहरे पर अवज्ञा का भाव था और ठाकुर रोशन सिंह ने हँसते हुए हमें ऐसे देखा मानो वे तो सीधे स्वर्ग चले और हम रह गए।

और हम सबकी आँखों में आँसू भरे थे, क्योंकि हम जानते थे कि यही हमारी अंतिम मुलाकात है।

-मन्मथनाथ गुप्त

शब्दार्थ- Word Meaning

कैदी	–	बंदी	– prisoner	रसोइया	–	खाना बनाने वाला	– cook
पोशाकें	–	वस्त्र	– clothes	इत्र	–	सुगंधित द्रव	– perfume
बेड़ियाँ	–	ज़ंजीर	– chain	हिदायत	–	निर्देश	– instruction
भावुक	–	भावनायुक्त	– emotional	सरफ़रोशी	–	जीवन का बलिदान	– sacrifice of life
तमन्ना	–	इच्छा	– wish	सन्नाटा	–	खामोशी	– silence
षड्यंत्र	–	साज़िश	– conspiracy	बाल-सुलभ	–	बच्चों की तरह	– childish
अवज्ञा	–	उपेक्षा	– ignorance				



अभ्यास–Exercise

मौखिक Oral—

सोचिए और बताइए- (Think and tell)

क. प्रस्तुत संस्मरण में किस दिन का वर्णन किया गया है?

ख. जेलर के घर से थाल क्यों मँगवाया गया?

ग. सभी क्रांतिकारी कहाँ जा रहे थे?

घ. गाड़ियों पर चिपके कागज़ पर किसका नाम लिखा था?

ङ. यह संस्मरण किसके द्वारा लिखा गया है?

लिखित Written—

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (Answer the following questions)

क. रोज़ जेलर अब्दुल का व्यवहार कैसा होता था?

.....

.....

.....

ख. अदालत जाने से पहले सबने किस प्रकार भोजन किया?

.....

.....

ग. अदालत के बाहर कैसा दृश्य था?

.....

.....

घ. फाँसी की सज़ा सुनकर तीनों कैदियों की क्या प्रतिक्रिया थी?

.....

.....

.....

ङ. अन्य क्रांतिकारियों की आँखों में आँसू क्यों थे?

.....

.....

.....

व्याकरण-ज्ञान Knowledge of grammar—

भाषा कौशल
Language Skill

1. दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखिए- (Write the plurals of the following words)

क.	रसोइया	–	ख.	पोशाक	– .....
ग.	कैदी	–	घ.	शीशी	– .....
ङ.	चेहरा	–	च.	बेड़ी	– .....
छ.	कपड़ा	–	ज.	कील	– .....
झ.	कोठरी	–	ञ.	छुट्टी	– .....

2. जो संज्ञा शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु आदि के गुण, दोष, स्वभाव आदि के बारे में बताते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे- मिठास, बचपन, कड़वाहट आदि।

दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए- (Change the given words into abstract noun)

क.	भारत	–	ख.	अहं	– .....
ग.	उदास	–	घ.	आज़ाद	– .....
ङ.	अच्छा	–	च.	शांत	– .....
छ.	खामोश	–	ज.	पहनना	– .....
झ.	माँगना	–	ञ.	करना	– .....

3. 'कि' या 'की' के प्रयोग से वाक्य पूरा कीजिए- (Complete the sentences with the help of 'कि' or 'की')

क. किसी ने उसे बैठने तक ..... जगह न दी।

ख. मुझे लगा ..... उसका चेहरा भी कुछ उदास था।

रचनात्मक सोच
Creative Thinking

ग. रोज़ ..... तरह हम सब खाने बैठे।

घ. मैंने अब्दुल से पूछा ..... वह इतना भावुक क्यों हो रहा है?

4. जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के साथ लगकर उनका संबंध वाक्य के अन्य शब्दों के साथ जोड़ते हैं, उन्हें संबंधबोधक कहा जाता है। प्रमुख संबंधबोधक हैं- 'के पीछे', 'के बीच', 'के कारण', 'के पास', 'के द्वारा', 'के बारे में', 'के समान' आदि।

निर्णय लेना
Decision Making

निम्नलिखित वाक्यों को उचित संबंधबोधक से पूरा कीजिए-
(Complete the following sentences using correct prepositions)

क. सूर्य ..... हमारा स्थान कहाँ है। (के पीछे / के नीचे)

ख. बंदूक और पुलिस ..... हम लॉरी में बैठे। (के बाहर / के बीच)

ग. अब्दुल किसी ..... शतरंज खेलता था। (के साथ / के पास)

घ. अदालत ..... भारी भीड़ थी। (के अंदर / के बाहर)

5. पढ़िए, समझिए और लिखिए- (Read, understand and write)

क. ज - .....जग..... ....

ख. ज़ - .....ज़ंजीर..... ....

ग. फ - .....फल..... ....

घ. फ़ - .....फ़र्श..... ....

6. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए- (Make sentences by the given words)

क. रसोइया - .....

ख. पोशाक - .....

ग. बेड़ियाँ - .....

घ. तमन्ना - .....

विषय संवर्धन गतिविधि
Subject Enrichment Activity

क्रिया-कौशल Activity skills—

1. स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले किन्हीं पाँच क्रांतिकारियों के चित्र अपनी स्क्रैपबुक में चिपकाइए-
(Paste pictures of any five freedom fighters who took part in the freedom struggle in your scrapbook.)

2. रामप्रसाद 'बिस्मिल', राजेंद्र लाहिड़ी और रोशन सिंह को काकोरी में सरकारी खज़ाना लूटने के आरोप में फाँसी दी गई थी। 'काकोरी कांड' के बारे में इंटरनेट से जानकारी प्राप्त कीजिए- (Ramprasad Bismil, Rajendra Lahiri and Roshan Singh were sentenced to death for looting the British Government Treasury. Find more about this incident known as the 'Kakori Conspiracy' from internet.)

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी
Information and Communication Technology

3. महात्मा गांधी ने देश की स्वतंत्रता के लिए अहिंसा का मार्ग क्यों अपनाया था। इस पर अपने विचार एक अनुच्छेद में लिखिए। (Why did Mahatma Gandhi adopt the path of non-violence for the independence of the country? Write your thoughts on this in a paragraph.)

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

पाठ सारांश–

प्रस्तुत संस्मरण में उस दिन की सुबह का वर्णन किया गया है, जिस दिन रामप्रसाद 'बिस्मिल', राजेंद्र लाहिड़ी और रोशन सिंह जैसे देशभक्तों को काकोरी कांड में दोषी सिद्ध करके अंग्रेज़ सरकार द्वारा फाँसी की सज़ा सुनाई गई थी।
जिस दिन जज ने तीनों क्रांतिकारियों को फाँसी का दंड दिया उस दिन जेल के सभी कैदी सुबह-सुबह ही जाग गए और जेल के रसोइए ने विशेष खाना बनाया। अदालत के लिए निकलने से पहले सभी कैदियों ने एक थाली में ही खाना खाया और अच्छे-अच्छे कपड़े पहनकर अदालत जाने के लिए तैयार हो गए। अदालत के लिए निकलने से पहले उन्हें बेड़ियाँ पहना दी गईं। वे सभी अदालत पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि अदालत के बाहर बहुत अधिक भीड़ थी और सभी लोग रामप्रसाद 'बिस्मिल' द्वारा लिखा गया गीत 'सरफ़रोशी की तमन्ना' गा रहे थे। अदालत में जज ने पाँच कैदियों को सज़ा सुनाने के बाद रामप्रसाद 'बिस्मिल', राजेंद्र लाहिड़ी और रोशन सिंह को फाँसी की सज़ा सुनाई। सज़ा सुनते ही फाँसी की सज़ा पाने वाले कैदियों को छोड़कर अन्य सभी कैदियों की आँखों में आँसू आ गए, परंतु वे तीनों निश्चल भाव से अदालत में खड़े रहे।



Lesson Summary

This memoir describes the morning the three freedom fighters Ramprasad Bismil, Rajendra Lahiri and Roshan Singh were convicted guilty in the Kakori incident and were sentenced to death. The prisoners of the jail woke up early, special food was cooked for them. They ate from the same plate, dressed well to go to the court. There was a huge crowd outside the court and they were singing the song "Sarfaroshi ki tamanna" composed by Bismil. The judge sentenced five convicts and then ordered the three – Ramprasad 'Bismil', Rajendra Lahiri and Roshan Singh to be hanged. The other prisoners got emotional but the three sentenced to death stood calm and steady.

सीखने की संप्राप्ति (Learning Outcomes)— वाचन, लेखन, स्मृति, चिंतन, विश्लेषणात्मकता, बौद्धिकता, रचनात्मकता।

पाठ–3
Lesson

गुलेलवाला लड़का

Gulelvālā Ladkā – Boy with slingshot

पढ़िए और समझिए Read and understand—

बोधराज	–	Bodhrāj	शहतीर	–	Shahteer	चुग्गा	–	Chuggā
मटरगश्ती	–	Matargashti	गुटरगूँ	–	Gutargūn	संतुलन	–	Santulan

कक्षा में मेरे कई सहपाठी थे। उनमें से एक सहपाठी था– बोधराज। हम सब उससे डरते थे। वह बहुत शैतान लड़का था। गली की नाली पर जब बर्रे आकर बैठते, तो वह नंगे हाथ से बर्रे को पकड़कर उसका डंक निकाल लेता और फिर बर्रे की टाँग में धागा बाँधकर उसे पतंग की तरह उड़ाने की कोशिश करता।

बाग में जाता, तो फूल पर बैठी तितली को पकड़कर उँगलियों के बीच मसल डालता था, तितली में पिन खोंसकर उसे अपनी कॉपी में टॉक लेता।

सारा वक्त उसके हाथ में गुलेल रहती और उसका निशाना अचूक था। पेड़ के नीचे खड़े होकर वह ऐसा निशाना साधता कि दूसरे ही क्षण पक्षियों की चीं-चीं सुनाई देती।



शिक्षण संकेत पाठ का सस्वर वाचन करें। पाठ पढ़ाने के बाद बच्चों को समझाएँ कि हमें पशु-पक्षियों के प्रति हिंसक व्यवहार नहीं करना चाहिए।

उस हिंसक को कभी भी कोई ऐसा खेल नहीं सूझता था, जिसमें किसी को कष्ट नहीं पहुँचाया गया हो। उन्हीं दिनों हमारे पिता जी की तरक्की हुई और हम लोग एक बड़े घर में जाकर रहने लगे।

बोधराज वहाँ भी आता जाता, तो मैं उसके साथ घूमने निकल जाता। मेरी माँ को मेरा बोधराज के साथ घूमना अच्छा नहीं लगता था। वे उसे 'राक्षस' कहती थीं और उसे बहुत समझाती थीं कि जानवरों को तंग नहीं किया करते, पर वह माने तब न! एक दिन माँ मुझसे बोलीं- ''अगर तुम्हारे दोस्त को घोंसले तोड़ने में मजा आता है, तो उससे कहो कि हमारे गोदाम में से घोंसले साफ़ कर दे।''

''मगर माँ, आप खुद ही तो कहती थीं कि जो घोंसले तोड़ता है, उसे पाप चढ़ता है। वह नास्तिक है।''

''मैं यह थोड़े ही कहती हूँ कि पक्षियों को मारे। वह तो पक्षियों पर गुलेल चलाता है। उन्हें मारता है खाली घोंसले हटाना तो दूसरी बात है।''

जब बोधराज घर आया, तो मैं उसे गोदाम में ले गया। शाम हो रही थी। मैं सोच रहा था- 'न जाने माँ ने क्यों कह दिया था कि इसे गोदाम में ले जाओ और इससे कहो कि गोदाम में से घोंसले साफ़ कर दे।''

मैंने बोधराज की ओर देखा तो उसने गुलेल सँभाल ली थी और वह बड़े चाव से छत के नीचे मैना के घोंसले की ओर देख रहा था, जिसमें से उभरे हुए तिनके और रूई के फाहे हमें नज़र आ रहे थे। कबूतर अलग से दूसरी ओर शहतीर पर गुटरगूँ-गुटरगूँ करते हुए मटरगश्ती कर रहे थे।

''घोंसले में मैना के बच्चे हैं।'' बोधराज ने कहा और अपनी गुलेल तान ली।

तभी मुझे घोंसले में से छोटे-छोटे बच्चों की पीली-पीली नन्हीं चोंचें झाँकती नज़र आईं।

''इनके माँ-बाप कहाँ हैं?'' मैंने पूछा।

''चुग्गा लेने गए हैं, अभी आते ही होंगे।'' यह कहते हुए बोधराज ने गुलेल उठाई और एक वार किया।



बोधराज ने फिर से गुलेल तान ली थी। तभी कमरे में एक भयानक-सा साया दिखाई दिया। रोशनदान के सीख़चे पर एक बड़ी-सी चील पंख फैलाए बैठी थी। हम दोनों ठिठककर उसकी

ओर देखने लगे। रोशनदान में बैठी चील भयानक लग रही थी।

''यह चील का घोंसला होगा। चील अपने घोंसले में लौटी है।'' मैंने कहा।

''नहीं, चील का घोंसला यहाँ कैसे हो सकता है? चील अपना घोंसला पेड़ों पर बनाती है। यह मैना का घोंसला है।''

बोधराज अभी भी टकटकी बाँधे चील की ओर देख रहा था। अब चील धीरे-धीरे शहतीर पर चलती हुई घोंसले की ओर बढ़ने लगी थी और घोंसले में बैठे मैना के बच्चे पंख फड़फड़ाने और चीखने लगे थे। बोधराज अब भी मूर्तिवत खड़ा चील की ओर ताके जा रहा था।

मैं घबरा उठा। मैं मन में बार-बार कहता- ''क्या फ़र्क़ पड़ता है अगर चील मैना के बच्चों को मार डालती है या बोधराज अपनी गुलेल से उन्हें मार डालता है। अगर चील नहीं आती, तो इस वक्त तक बोधराज ने मैना का घोंसला नोंच भी डाला होता।

तभी बोधराज ने गुलेल उठाई और सीधा निशाना चील पर साध दिया।

''चील को मत छेड़ो, वह तुम पर झपटेगी।'' मैंने बोधराज से कहा।

चील को निशाना नहीं लगा। कंकड़ छत से टकराकर नीचे गिर पड़ा और चील अपने बड़े-बड़े पंख फैलाकर हमें घूरने लगी।

''चलो यहाँ से निकल चलें।'' मैंने डरकर कहा।

''नहीं, हम चले गए तो चील बच्चों को खा जाएगी।''

बोधराज के मुँह से निकला यह वाक्य मुझे बड़ा अटपटा लगा। बोधराज ने झट-से गुलेल मुझे थमा दी और जेब से पाँच-सात कंकड़ निकालकर मेरी हथेली पर रखे। ''तुम चील पर गुलेल चलाते जाओ, उसे बैठने नहीं देना।'' उसने कहा और स्वयं भागकर दीवार के साथ रखी मेज़ को फ़र्श के बीचोंबीच लाने लगा।



मैं गुलेल चलाना नहीं जानता था। एक-दो बार मैंने गुलेल चलाई, लेकिन इसी बीच चील गोदाम के दूसरे शहतीर पर जा बैठी थी।

बोधराज मेज़ को मैना के घोंसले के नीचे ले आया, फिर उसने एक टूटी हुई कुर्सी उस पर रख दी और उसके ऊपर खड़ा हो गया बोधराज ने दोनों हाथ ऊपर उठाए, जैसे-तैसे अपना संतुलन

बनाते हुए धीरे-से घोंसले को उठा लिया और घोंसले को थामे ही छलाँग लगा दी।

''चलो, बाहर निकल चलो।'' उसने कहा और दरवाज़े की ओर लपका।

गोदाम में से निकलकर हम गैराज में आ गए। गैराज में एक ही बड़ा दरवाज़ा था और दीवार में एक छोटा-सा झरोखा।

''यहाँ पर चील नहीं पहुँच सकती।'' बोधराज ने कहा और इधर-उधर देखने लगा।

थोड़ी देर में घोंसले में बैठे मैना के बच्चे चुप हो गए। बोधराज बक्से पर चढ़कर मैना के घोंसले में झाँकने लगा। मैंने सोचा- 'अभी हाथ बढ़ाकर दोनों बच्चों को एक साथ उठा लेगा, जैसा वह अक्सर किया करता था। फिर उन्हें जेब में डालकर घूमता फिरेगा। मगर उसने ऐसा कुछ नहीं किया।'

वह देर तक घोंसले के अंदर झाँकता रहा और फिर बोला ''थोड़ा पानी लाओ, इन्हें प्यास लगी है। इनकी चोंच में बूँद-बूँद पानी डालेंगे। मैं बाहर गया और एक कटोरी में थोड़ा-सा पानी ले आया। दोनों नन्हें-नन्हें बच्चे चोंच ऊपर उठाए हाँफ रहे थे। बोधराज ने उनकी चोंच में बूँद-बूँद पानी डाला और बच्चों को छूने से मुझे मना कर दिया, न ही स्वयं उन्हें छुआ। मैं बोधराज में आए इस परिवर्तन से हैरान था, लेकिन खुश भी। मुझे वह दूरदर्शी प्रतीत हुआ।



''इन बच्चों के माँ-बाप यहाँ कैसे पहुँचेंगे?'' मैंने पूछा।

''वे इस झरोखे में से आ जाएँगे वे अपने-आप इन्हें ढूँढ़ निकालेंगे।''

हम देर तक गैराज में बैठे रहे। उस दौरान बोधराज ने अपने मंसूबे जाहिर करते हुए बताया कि वह कैसे रोशनदान को बंद करेगा, ताकि चील कभी गोदाम के अंदर न आ सके! उस शाम वह चील की ही बातें करता रहा।

दूसरे दिन जब बोधराज मेरे घर आया, तो न तो उसके हाथ में गुलेल थी और न जेब में कंकड़, बल्कि जेब में थोड़ा-सा चुग्गा भरकर लाया था और हम दोनों देर तक मैना के बच्चों को चुग्गा डालते और उनके करतब देखते रहे थे।

-भीष्म साहनी

शब्दार्थ- Word Meaning

सहपाठी	– साथ पढ़ने वाला	– classmate	बर्रे	– ततैया	– wasp
अचूक	– खाली न जाने वाला	– perfect	नास्तिक	– ईश्वर को न मानने वाला	– atheist
मूर्तिवत	– मूर्ति के समान	– statue-like	दूरदर्शी	– दूर की सोचने वाला	– visionary/farsighted
प्रतीत	– ज्ञात होता हुआ	– seems	मंसूबा	– इरादा	– intention
बाग	– बगीचा	– garden	क्षण	– पल	– moment
मटरगश्ती	– मौज-मस्ती	– fun and frolic	ठिठककर	– रुककर	– stopped
राक्षस	– असुर	– demon	शहतीर	– लकड़ी का लट्ठा	– rafter

अभ्यास–Exercise

मौखिक Oral—

सोचिए और बताइए- (Think and tell)

क. किसके हाथ में हमेशा गुलेल रहती थी?

ख. बोधराज तितलियों के साथ क्या करता था?

ग. माँ को मेरा बोधराज के साथ खेलना क्यों पसंद नहीं था?

घ. गोदाम में किसका घोंसला था?

ङ. मैना के बच्चों को किसने बचाया?

लिखित Written—

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (Answer the following questions)

क. बोधराज ने मैना के बच्चों को कैसे बचाया?

.....

.....

.....

.....

ख. दोनों ने मैना के बच्चों के साथ क्या किया?

.....

.....

.....

.....

ग. मैना के बच्चे पंख फड़फड़ाने और चीखने क्यों लगे?

.....

.....

.....

.....

घ. दूसरे दिन जब बोधराज आया, तब उसकी जेब में क्या था?

.....

.....

.....

.....

2. किसने किससे कहा?- (Who said to whome)

गहन चिंतन
Critical Thinking

क. ''घोंसले में मैना के बच्चे हैं।''

किसने ..... किससे .....

ख. ''चील को मत छेड़ो, वह तुम पर झपटेगी।''

किसने ..... किससे .....

ग. ''यहाँ पर चील नहीं पहुँच सकती।''

किसने ..... किससे .....

घ. ''इन बच्चों के माँ-बाप यहाँ कैसे पहुँचेंगे।''

किसने ..... किससे .....

भाषा कौशल
Language Skill

व्याकरण-ज्ञान Knowledge of grammar—

1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए- (Give one word for the following sentences)

क. जो एक ही कक्षा में पढ़ता हो = ...

ख. जिसके हृदय में ममता न हो = ...

ग. जो हिंसा करता हो = ...

घ. आगे की या दूर की सोचने वाला = ...

ङ. जो ईश्वर को न मानता हो = ...

2. निम्नलिखित वाक्य रचना की दृष्टि से किस प्रकार के वाक्य हैं- (What are the types of following sentences)

क. तितली में पिन खोंसकर उसे अपनी कॉपी में टॉक लेता। .....

ख. वह ऐसा निशाना लगाता कि दूसरे ही क्षण पक्षियों की चीं-चीं सुनाई देती। .....

ग. बोधराज ने गुलेल उठाई और सीधा निशाना चील पर साध दिया। .....

घ. चील अपना घोंसला पेड़ों पर बनाती है। .....

3. दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखिए- (Write the plurals of the given words)

क.	राक्षस	.....	ख.	गोदाम	.....
ग.	लड़का	.....	घ.	बच्चा	.....
ङ.	चील	.....	च.	घर	.....
छ.	खुशी	.....	ज.	हाथ	.....

विषय संवर्धन गतिविधि
Subject Enrichment Activity

क्रिया-कौशल Activity skills—

1. जानवरों के प्रति किए जा रहे हिंसक व्यवहार को रोकने के लिए तथा उन्हें संरक्षण देने का समर्थन करते हुए एक लेख लिखिए। (Write an article supporting the protection and prevention of violent behavior towards animals)

सहभागिता
Collaboration

2. इस कहानी से आपने क्या सीखा? अपने अनुभव की चर्चा कक्षा में कीजिए।
(What moral is given through this story? Have a class discussion on this.)

3. पक्षी विशेषज्ञ सलीम अली के विषय में एक अनुच्छेद लिखिए।
(Write a paragraph about the birdman Salim Ali.)

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

पाठ सारांश–

प्रस्तुत पाठ में लेखक ने बताया है कि बच्चों को शरारत करना अच्छा लगता है, उन्हें दूसरों को परेशान व तंग करने में मज़ा आता है। कुछ बच्चे तो ऐसे होते हैं। जो थोड़े-से आनंद के लिए दूसरे जीवों को छटपटाता देखना पसंद करते हैं। प्रस्तुत कहानी एक ऐसे ही बच्चे की कहानी है। जो शैतानियाँ करते-करते अचानक बिलकुल बदल जाता है। उसका हृदय परिवर्तित हो जाता है और उसमें जीवों के प्रति प्रेम व दया की भावना जाग जाती है। बोधराज नाम का शैतान बालक लेखक के साथ पढ़ता था और उससे सभी डरते थे, क्योंकि वह जीवों के साथ निर्मम व्यवहार करता था। इसीलिए लेखक की माँ भी उसे बिलकुल पसंद नहीं करती थीं और उसे 'राक्षस' कहकर बुलाती थीं। एक बार उन्होंने बोधराज को अपने गोदाम में खाली पड़े घोंसलों को हटाने को कहा। वहाँ घोंसले में मैना के छोटे-छोटे बच्चे थे। तभी वहाँ एक भयानक चील बच्चों को खा जाने की इच्छा से आ गई, लेकिन बोधराज ने अपने स्वभाव के विपरीत उस मैना के बच्चों को चील से बचा लिया और उन्हें एक सुरक्षित स्थान जो कि लेखक का गैराज था, तक पहुँचाया।

बच्चों को बचाने के बाद बोधराज के स्वभाव में बड़ा परिवर्तन हुआ और वह उन्हें पानी पिला कर देर तक उनके करतब देखता रहा। अब वह उनको तंग नहीं करता, बल्कि उनके लिए दाना व पानी लाता। इस प्रकार कहानीकार ने एक हिंसक-प्रवृत्ति बालक का पक्षी-प्रेमी व्यक्तित्व में परिवर्तन का सजीव चित्रण किया है।



Lesson Summary

Bodhraj, my classmate, was a young boy who enjoyed torturing creatures around him. The author's mother did not like him because of his cruel nature. She called him a demon.

One day she asked Bodhraj to clear a nest on a dry branch in her godown. Bodhraj found baby mynahs in the nest. Quite contrary to his nature, he carefully moved the baby mynahs to a safe place in the garage of the author and saved them from the hawk. He began to feed the baby mynahs with grains and water. There was a complete change of heart of cruel Bodhraj to a caring, loving and kind human.